# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है बल्कि भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आज उन्होंने यह बात कही।

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। यह हम भारतीयों के संस्कारों हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है, आतंक फैलाने वालों को सपने में भी सोचा नहीं होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है।**

**********

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी क्रम में हम उन्नीस सौ पैंसठ के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**1933 में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में जन्मे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद दिसम्बर 1954 में 4 ग्रेनेडियर्स में भर्ती हुए थे। 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान 8 सितंबर की रात पाकिस्तानी सेना ने ग्रेनेडियर्स के ठिकानों पर कई हमले किए लेकिन इन हमलों में दुश्मन को खदेड़ दिया गया। 10 सितंबर की सुबह भीषण गोलाबारी के साथ–साथ पाकिस्तानी पैटन टैंकों की एक रेजिमेंट ने बड़ा हमला किया। उसी सुबह 9 बजे तक, दुश्मन के टैंक अग्रिम ठिकानों पर पहुंच गए थे। इस महत्वपूर्ण क्षण में, एक रिकॉइललेस गन की कमान संभाल रहे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद भारी गोलाबारी के बीच अपनी बंदूक को जीप पर चढ़ाकर एक तरफ गए और बड़ी ही सटीकता के साथ, उन्होंने दुश्मन के मुख्य टैंक को नष्ट कर दिया और टैंक को नष्ट करने के लिए उन्होंने अपना स्थान बदला। इस गोलाबारी के बीच एक अन्य टैंक को नष्ट करने का प्रयास करते समय एक उच्च विस्फोटक शैल से वे घातक रूप से घायल हो गए। उनकी इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौदह में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ उन्होंने ने देश में विकास आधारित राजनीति की नई इबारत लिखी है। बीते ग्यारह वर्षों में देश ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं जिससे भारतवासियों के अंदर आत्मविश्वास की नई लहर चल रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित समारोह में बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के एक सौ उनतालीस उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्रीक का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने तैंतालीस मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों और छाछट मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यूनिफॉर्म, जूता–मोजा, स्कूल बैग और स्टेशनरी खरीद के लिए छात्रों के अभिभावकों के बैंक खातो में बारह–बारह सौ रूपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संतकबीर नगर जिले के तामेश्वरधाम में आयोजित समारोह के दौरान एक हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रूपये की पांच सौ अट्ठाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पर्यटन विकास, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित हैं। बाबा तामेश्वरनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाबा तामेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना में प्रभावित व्यापारियों के व्यवस्थित पुनर्वास पर विशेष ध्यान होना चाहिए।

**********

आज सोमवती अमावस्या और वट सावित्री का व्रत है। इस अवसर पर प्रयागराज के पवित्र संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पूजा पाठ किया। साथ ही व्रती महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा और परिक्रमा कर कच्चे सूत की फेरी दिया। वाराणसी जिले में नमामि गंगे ने इस मौके पर लोगों को बरगद का पौधा लगाने का संकल्प दिलवाया। प्रदेश के उन्नाव, फर्रुखाबाद और अयोध्या सहित कई जिलों में महिलाओं ने व्रत रख कर परम्परागत तरीके से पूजा पाठ किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं इकतीस मई तक, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक जून तक कुछ स्थानों पर वर्षा व गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

**********